Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 16-05-2022 अंक 227

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## अपने नाती का मुंडन कराकर लौट रही नानी की सड़क हादसा में मौत, शोक की लहर

### मृतक महिला बंझियाद्वारी कटकमसांडी की रहने वाली थी मुंडन कार्यक्रम के लिए श्री नगर पहुंची थी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मृतक महिला सीता देवी

अपने नाती का मुंडन कराकर लौट रही नानी की मौत सड़क पार करने के दौरान एक अज्ञात कार के चपेट आने से हो गई। घटना बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर चौक के पास सोमवार को अपराह्न 12 बजे घटी। मृतक महिला की पहचान सीता देवी पति राजू यादव (45) बंझियाद्वारी कटकमसांडी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला अपनी बेटी के घर अपनी नाती के मुंडन कार्यक्रम में भाग लेने श्री नगर पहुंची थी। श्रीनगर माता क०लेशरी मंदिर में पूजा अर्चना एवं मुंडन का कार्यक्रम सम्पन्न कर पैदल ही अन्य लोगों के साथ अपनी बेटी के घर लौट रही थी। श्रीनगर चौक के पास सड़क पार कर रही थी। इसी बीच बरकठ्ठा की ओर से तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें अपने चपेट में ले ली। तत्काल उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चि. कत्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां सभी का रो रो कर बुरा हाल था। महिला की चार बेटी एवं दो पुत्र हैं। उन्हीं में एक पुत्री नेहा पति अजय यादव हैं। इन्ही के घर पहुंची थी। समाचार लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेजने की तैयारी चल रही थी।

## ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार मामा की मौत भांजी घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही एनएच-2 सड़क मार्ग पर सोमवार को लगभग 4 बजे हुई सड़क दुर्घटना में इंजीनियर युवक की मौत हो गई। वही साथ में जा रही आठ वर्षीय बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय सुधांशु कुमार पिता अमितेश रंजन उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। मृतक रसोईया धमना से अपनी बहन से मिलकर बाइक से अपने घर कोनरा डीएवी स्कूल के पास लौट रहा था। वहीं इसी क्रम में टाटा मोटर्स के समीप स्कॉर्पियो संख्या डब्लूबी 38एसी-9536 ने धक्का मारा, जिससे दोनो मामा भांजी सड़क पर गिर गए। वहीं पीछे से आ रहा ट्रक संख्या एनएल 01 एबी-1692 युवक सुधांशु कुमार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। और बच्ची को पैर में चोट लगने के कारण गंभीर



मृतक का फाइल फोटो

रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन व बरही पुलिस पहुंची और आनन फानन में घायल बच्ची को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायल बच्ची की पहचान 8 वर्षीय इशिका राज पिता राजेश वर्णवाल के रूप में हुई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। ज्ञात हो कि मृतक सुधांशु वर्नवाल दो भाईयों में सबसे छोटा था, जो इंजिनियर की पढ़ाई कर बेंगलुरु के किसी कंपनी में कार्यरत था।





इलाजरत इशिका राज

घटना की सूचना पाते ही बरही व आस-पास के लोगों का बरही अनुमंलीय अस्पताल में भीड़ लग गया। मृतक के परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व बरही थाना के एएसआई दिनेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। जहां बारह चक्का ट्रक की खोजबीन करने पर पाया कि ट्रक को कुछ दूरी पर ले जाकर छुपा दिया गया है। जिसे बरही पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, एएसआई दिनेश कुमार, पंकज वर्णवाल, संजय वर्णवाल, आलोक वर्णवाल, आलोक वर्णवाल समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कल से सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए 17 मई से सभी कोटे के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों के लिए ग्रीष्मावकाश अवधि कुल 17 दिनों तक निर्धारित किया गया है, जिसके आलोक में जिलों के द्वारा दिनांक 17 मई से दिनांक 4 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। वहीं कक्षा 01 से 07 तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक मूल्यांकन 6 जून से 15 जून तक तथा 8, 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के सेकंड टर्म का परीक्षा दिनांक 16 जून से 30 जून तक प्रस्तावित है। उक्त के आलोक में सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की अवधि यथावत रखी जाती है।

APEM
LIVE

## बरही में बेहाल हुई ट्रैफिक व्यवस्था, जाम लगने से लोग परेशान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में ट्रैफिक व्यवस्था दिन ब दिन बेहाल हो रही है। बरही चौक एक साथ तीन महानगरों को जोड़ने वाली एक मात्र चौक है। लेकिन आज तक बरही में ट्रैफिक पुलिस बहाल नहीं किया गया है। इसके बा. वजूद बाजारों में अतिक्रमण के कारण जाम की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है। लोगो को पैदल चलना भी दुभर हो गया है। बाजारों में लोग जहां - तहां अपने वाहन खड़ा कर देते है, जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। जाम लगने के कारण एंबुलेंस को भी



बरही की ट्रैफिक व्यवस्था

रास्ता नहीं मिल पाता है। वहीं जाम हटाने के लिए बरही पुलिस को घंटो कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तब जाकर जाम हटता है जो की अभी रोज की स्तिथि बन चुकी है। जिससे स्थानीय लोगो में काफी रोष है। वहीं राहगीरों का कहना है की बरही चौक के आस पास जाम न लगाने के नो पार्किंग का बोर्ड भी लगाया गया है, लेकिन इस बात का किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। नो पार्किंग बोर्ड के सामने ही दोपहिया एवं चोपहिया वाहन पार्क कर दिया जाता जिससे जाम की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है।

## ट्रक के चपेट में आने से अधेड़ कि मौत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

जीटी रोड सिक्स लेन चौडीकरण निर्माण कार्य में एनएचएआई व निर्माण कार्य करा रही कंपनी रा. जकेशरी प्राईवेट लिमिटेड की लापरवाही से एक और व्यक्ति मौत के मुंह में समा गया। घटना सोमवार लगभग पांच बजे सुबह की है जब धार्मिक स्थल सूर्यकुंड से शादी समारोह से लौट रहे 55 वर्षीय गो. विंद मोदी केंदुआ निवासी को बरकठ्ठा चौक के समीप अनियंत्रित ट्रक अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने





घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकठ्ठा पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। रास्ते में अस्पताल जाने के क्रम में दम तोड दिया। मृतक के परिजनों से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव भाजपा नेत्री कुमकुम देवी ने मिलकर सांत्वना व्यक्त की पूर्व विधायक ने कहा एनएचएआई के सुरक्षा मानकों में लापरवाही के कारण यह दुर्घटना घटी है ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सलैया पंचायत में मुखिया पद के लिए 62.57 ने किया मतदान

### आठ मुखिया प्रत्याशियों के मतपेटी में बंद हुआ किस्मत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



प्रखंड के सलैया पंचायत में केवल मुखिया पद के लिए 16 मई को 16 बूथ पर पुनर्मतदान हुआ। पुनर्मतदान में पंचायत के 62.57 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। आठ मुखिया उम्मीदवारों के भाग्य को मतदाताओं ने बक्से में बंद कर दिया। पुनर्मतदान में 11 बजे तक बड़ी तेजी से 50 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं की भीड़ पोलिंग बूथों पर उमड़ पड़ा। 11 बजे के बाद से तीन बजे तक 12 फीसद ही मतदान हुआ। पुनर्मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सलैया पंचायत में मुखिया पद के लिए पुनर्मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया। एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर भी सभी बूथों का भ्रमण कर रहे थे। सभी बूथों में एक एसआई और आधा दर्जन से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात थे।

## मवेशी लगा पिकअप वैन धराया दो लोग पकड़ाए

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जब्त किया गया पिकअप

प्रखंड स्तर पर बड़े पैमाने पर गो तस्करी की जा रही है । गांव से मवेशियों को लादकर उन्हें गलत ध्येय से खरीद की जा रही है। रविवार देर रात ऐसे ही 3 मवेशियों को पिक अप वैन पर गांव से लाया जा रहा था। ग्रामीणों ने रास्ते में इसे पकड लिया तथा पूछताछ की। संतोषजनक उतर नहीं दिये जाने पर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया । वाहन में क्रुरतापूर्वक तीन मवेशी के साथ चालक और एक अन्य व्यक्ति बैठा था। सभी को थाना परिसर में रखा गया। बताया गया कि सभी गौ तस्करी करने के लिए वहां से ले जा रहे थे । इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। इधर थाना में पकड़े गए लोगों को छुड़ाने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंच गए थे। वहीं मवेशियों को पकड़े जाने के 20 घंटे बाद तक पानी भी मुहैया नहीं कराया गया था। इससे पशु प्रेमियों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के छात्र अमर ने झारखंड युवा सदन में कई मुदों को जोरदार तरीके से उठाया

### गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध : डॉ मुनीष गोविंद

**अपेम लाइवः हजारीबाग**



हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी आ. ईटी के अंतिम सेमेस्टर के छात्र अमर कुमार प्रजापति ने झारखंड युवा सदन में राज्य एवं क्षेत्र हित से जुड़े कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। बता दें कि रांची के झारखंड टेक्नोल०जी यूनिवर्सिटी में 14 मई से 16 मई तक चले तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अमर को ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन सोसायटी बोर्ड के चेयरमैन पद से नवाजा गया। सरकार द्वारा पेश की गई स्टार्टअप प्रमोशन बिल 2022 पर बोलते हुए अमर ने बिल में कई खामियों को दर्शाया और उसमें संशोधन की बात कही। वहीं 1932 खतियान लागू करने के मुद्दे पर अमर ने कहा कि आज राज्य भर में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में स्थानीयता को परिभाषित करने को लेकर 1932 का खतियान पर यथाशीघ्र निर्णय लेने की जरूरत है। विस्थापन की गंभीरता देखते हुए विस्थापन आयोग के गठन पर जोर दिया। साथ ही राज्य भर में बंद पड़े कई कंपनियों जिसमें एफसीआई, आइएजी को पुनः चालू कर रोजगार उपलब्ध कराने एवं एचइसी की बदतर हालत पर सक. ारात्मक निर्णय लेकर सा. र्थक पहल करने की बात कही। जंगली जानवरों से मृत एवं प्रभावित ग्रामीणों को वर्ष 2017 में निर्धारित मुआवजे पर संशोधन कर बढ़ोतरी को लेकर भी अमर ने सदन में आवाज उठाई। अमर ने कहा कि जामताड़ा जो कि साइबर क्राइम के नाम पर देश भर में बदनाम है उस का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज उन युवाओं को सही दिशा दिखाने की जरूरत है। उन्होंने हजारीबाग की प्रमुख समस्या जमीन से अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन में हो रही लेटलतीफी, जाम की समस्या समेत कई मामलों को रखा। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गो. विंद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि युवा सदन जैसा मंच युवाओं को रा. जनीति सीखने और उसकी अहमियत का एहसास कराने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना विश्वविद्यालय की प्राथमि. कता में शामिल है। अमर के पिता गणेश कुमार समेत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गो. विंद, डीन एकेडमिक डo बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ सहित सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने अमर को बधाई दी है।









दिनांक: 16-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संo: 03

## सहारा इंडिया चौपारण शाखा में निवेशकों ने ताला जड़ किया हंगामा, कहा

### प्रबंधक हो गया मालामाल, निवेशक हो गए कंगाल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



सहारा इंडिया में निवेशकों की गाढ़ी कमाई अटक जाने से धीरे धीरे उनके बीच उबाल बढ़ने लगा है। सोमवार को चौपारण प्रखण्ड के सैकड़ो निवेशकों ने सहारा इंडिया के चौपारण शाखा पहुँच कर हंगामा किया। कार्यालय में ताला जड़ कर प्रबंधक संजीत बर्णवाल उर्फ़ सीताराम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी निवेशक भीड़ की सकल में चौपारण थाना पहुँच गए। निवेशक मो सलाउद्दिन, दिलीप केसरी, बिजली देवी, पुष्पा देवी, मजमा खातून, सविता देवी, रीता देवी, प्रियंका देवी, उर्मिला देवी, रीना कुमारी, मो परवेज आलम, अंजनी कुमारी, पार्वती देवी, शम्भू प्रसाद केसरी, सावित्री देवी, रुकशाना खातून, सीता देवी, सूरज रविदास, हेम. राज कुमार दास, रामप्रवेश सिंह आदि का कहना है कि सहारा इंडिया निवेश राशि का अवधि पूरा हो चुका है, बावजूद उनकी जमा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है. कार्यालय द्वारा सिर्फ गुमराह किया जा रहा है और दौडाया जा रहा है। सहारा इंडिया में चौपारण प्रखण्ड के सैकड़ो लोगों ने राशि निवेश किया लेकिन उन्हें पिछले दो से तीन वर्षो से राशि का भुगतान नही हो रहा है। निवेशकों का कहना है उन्होंने भविष्य की आस में निवेश किया था, लेकिन जब उन्हें आज पैसों की जरूरत है, तो कंपनी उन्हें भुगतान नहीं कर रही है। इससे कोई बेटी की शादी नहीं कर पा रहा है, तो मकान की रजिस्ट्री नहीं करवा पा रहा हैं।

#### गरीबो के राशि से सहारा प्रबंधक हो गया अरबपति हो उसकी संपत्ति का जाँच : शौकत खान

हो हंगामा कर रहे निवेशकों के साथ चौपारण थाना पहुँचे ताजपुर पंचायत के निर्वतमान मुखिया शौकत खान ने सहारा प्रबंधक सीताराम पर गरीबो का राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि सीताराम अरबपति हो गया है। चौपारण सहित हज़ारीबाग व राँची में करोड़ो की संपति खड़ा कर रखा है। आखिर कहां से इतना संपति सीताराम के पास आया इसकी जांच होनी चाहिए।

#### नियमत संगत होगा कानूनी कार्यवाई : डीएसपी

चौपारण थाना परिसर में जमे सैकड़ो निवेशकों को बरही डीएसपी नाजीर अख्तर ने कहा कि आप लिखित आवेदन दीजिये, नियम संगत होगा कानूनी कार्यवाई। डीएसपी ने नि. वेशकों को आश्वसत किया कि अगर इस प्रकरण में प्रबंधक दोषी होगा तो उसपर जरूर कानूनी कार्यवाई होगा।

## हाइपरटेंशन दिवस पर आरोग्यम हॉस्पिटल में आयोजित होगा फ्री कार्डियो और डायबीटिक कैंप

**अपेम लाइवः हजारीबागर**
**रवि सिंह**




हॉस्पिटल के डीएम कार्डियोलॉजी डॉ.मृणाल कुंज, डीप कार्डियोलॉजी डॉ. रवि रंजन और एमडी मेडि. सिन डॉ. अनितेश कुमार देंगे अपनी सेवाएं, बीपी, पल्स और शुगर जांच की सुविधा भी मिलेगी फ्री हॉस्पिटल निदेशक हर्ष अजमेरा ने किया अपील, कहा हृदय और मधुमेह सं. बंधित समस्याओं से हैं ग्रसित या बचना चाहते हैं तो कैंप में जरूर पंहुचे हजारीबाग के इतिहास में पहली बार हमारे एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के संपूर्ण इलाज के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ चिकि. कत्सकों की एक अनुभवी टीम लगातार अपनी बेहतर सेवा में प्रदान कर रही हैं चिकित्सकों की यह टीम आगामी 17 मई 2022 को हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर श्फ्री कार्डियो और डायबिटिक कैंप के माध्यम से अपनी सेवाएं देंगे। कैंप सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आरोग्यम हॉस्पिटल कैंपस में ही आयोजित होगा। इस कैंप में हॉ. स्पिटल के डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. मृणाल कुंज, डीप कार्डियोलॉजी डॉ. रवि रंजन और एमडी मेडि. सिन डॉ. अनितेश कुमार मरीजों का इलाज करेंगे और उचित परामर्श देंगे । इस कैंप के बाबत आरिग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि कार्डियो और डायबीटिक समस्या से ग्रसित लोग अपनी जिंदगी को सामान्य बनाना चाहते हैं या इस समस्याओं से बचने के तरीके से परिचित होना तो हमारे इस फ़्री मेडिकल कैंप में जरूर पंहुचे। उन्होंने बताया की कैंप में बीपी, पल्स और सुगर की जांच भी फ्री में




की जाएगी एवं चिकित्सकों के द्वारा अतिरिक्त सुझाए गए हेल्थ चेकअप पर भी 20: की विशेष छूट दी जाएगी ।

## बलगो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी श्रीमती कुसुम देवी ने किया जनसंपर्क

### बलगो पंचायत को भष्टाचार जड़ से खत्म करेंगे :-दीपक दास

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण के लिए तैयारी जोरों पर है बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तीसरे चरण में होने वाले वोट को लेकर प्रत्याशियों पर सरगर्मी तेज हो चुकी है। वही बलगो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी श्रीमती कुसुम देवी और उनके प्रतिनिधि दीपक दास ने लोगों के साथ जनसंपर्क अभियान चला रही हैं। बता दें कि बलगो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के प्रति. निधि दीपक दास ने बलगो पंचायत के सलेडीह समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान भरपूर रूप से चलाया। जिसमें उन्होंने जनता से अपील कि बलगो पंचायत में जिस तरह कोरेना समेत सात साल में भ्रष्टाचार की लूट मची है। उस पर लगाम लगाने के लिए हमारे जैसे प्रत्याशी को वोट करें और विजय बनाएं। उन्होंने बताया कि अगर हम बलगो पंचायत के मुखिया के तौर पर विजय हुए हैं। तो सबसे पहले भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे। वही पीएम आवास पर जो मुखिया रकम लेने का काम किया है। उस पर खरा उतरेंगे,साथ में बताया कि अगर वैसे मुखिया को आप वोट दीजिएगा तो भ्रष्टाचार कभी नहीं रुकेगा। उन्होंने बताया कि अगर हम मुखिया बने तो सबसे पहले अपने पंचायत को मॉडल पंचायत बनाएंगे। साथ में बताया कि स्कूल में भी बेहतर शिक्षा बनाने का काम करेंगे। वही हम आपने पंचायत में स्वच्छ पेयजल का पहुंचाने का काम करुँगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को भी पीएम आवास नहीं मिला है उनको दिलवाऊंगी। जिन लोगों को राशन कार्ड नहीं बना है उन लोगों को राशन कार्ड बनाकर राशन देने का काम करूंगी और बलगो मुखिया प्रत्याशी श्रीमती ने कहा कि मैं एक महिला होने के नाते मुखिया चुनाव लड़ रही हु। इस जनसंपर्क में कई जनता उपस्थित रहे।









# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 की मतगणना की तैयारी पूरी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**





गिरिडीह, 16 मई 2022 त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के मद्देनजर प्रथम चरण का मतगणना कृषि उत्पादन बाजार समिति पचंबा, गिरिडीह में दिनांक 17 मई को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाना है। इसी आलोक में जमुआ प्रखंड के 544 मतदान केंद्रों हेतु 16 टेबल, 1 गणना प्रवेक्षक, 02 गणना सहायक को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार गिरिडीह प्रखंड के सभी 385 मतदान केंद्रों हेतु 18 टेबल, 01 गणना प्रवेक्षक तथा 02 गणना सहायक को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार गांडेय प्रखंड के सभी 352 मतदान केंद्रों हेतु 16 टेबल, 01 गणना प्रवेक्षक तथा 02 गणना सहायक को नियुक्त किया गया है।

## विक्की कुमार धान का ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान जारी'

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक 16 मई 2022 को बेस पंचायत के तेज़ तर्रार कर्मठ स्ॉ स्टूडेंट मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान ने जन संपर्क अभियान चलाया जिसमे उन्हें समाज के हर वर्ग का समर्थन मिला रहा है । इस मौके पर श्री विक्की कुमार धान ने कहा लोगों का सेवा ही लक्ष्य है आज हमारे पंचायत के कुछ लोगों ने अपने कुछ समस्या को भी रखा और हमरा ये वादा है हर समस्या को दूर किया जाएगा , हमने अपने निजी प्रयास से हमारे इस पंचायत में जिस भी गांव में सालो से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेर में था उनको अंधेरे से मुक्ति दिलाया , इस पर पंचायत के लोगों ने भी विक्की कुमार धान को जिताने का वादा किया , विक्की ने साथ ही यह भी कहा कि आज तक जितने भी लोगों को मौका मिला सिर्फ लूट और अपने निजी स्वार्थो को साधने में लगे हुए थे इस बार एक ईमानदार शिक्षित युवा को मौका दीजिए हम सब मिल कर इस पंचायत की विकास की नई कहानी लिखेंगे । इस मौके पर महेश धान , सिबु गाड़ी , बिमल टोप्पो , सोनू धान , राजेश महतो , मनोज उरांव , विरसा बारला ,विमल टोप्पो , बंसत गंझु प्रावेश खालखो विक्टर भोक्ता , सुशील हंस, इसवर भोक्ता इत्यादि काई ग्रामीणों उपस्थित थे




## कौन बनेगा पंचायत का मुखिया, किसके माथे सजेगा जिला परिषद का ताज, फैसला कल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




सात वर्षो के लंबे इंतेज़ार के बाद आखिरकार ओ घड़ी आज आ ही गया जिसका इंतेज़ार मुखिया, जिला परिषद व पंचायत समिति बनने की चाहत रखने वाले और उनके समर्थकों को था। आखिर कौन बनेगा पंचायत का मुखिया, किसके माथे सजेगा जिला परिषद का ताज, कौन होगा प्रमुख बनने का दावेदार सबकी निगाहें आज के काउंटिंग पर टिका है। उम्मीदवारो के साथ साथ समर्थकों का धड़कन तेज़ हो गया है। हार जीत के आंकलन के बाद कई उम्मीदवार अपने अपने जीत के प्रति आश्वस्त है हालांकि अपने आप को रेश से बाहर समझने वाले उम्मीदवार को भी मतगणना तक हार मानने को तैयार नही है। कई पंचायतों में मतदाताओं के रुझान से परिणाम स्पस्ट है हालांकि ज्यादातर पंचायतो में मुखिया व पंचायत समिति के बीच कड़ी टक्कर है। इस बार के पंचायत चुनाव में मतदाताओं के चूप्पी व भितरघात से उम्मीदार अपने परिणाम के प्रति संशय बना हुआ है। चोरदाहा पंचायत से शुरू होकर बच्छई पंचायत पर खतम होगा मतगणना। इधर मतदान के बाद से ही उम्मीदार अपने कुल देवता व मंदिर मस्जित में मत्था टेक कर काउंटिंग हॉल तक जाने की तैयारी में है। किसका दाव पेंच सफल रहा, कौन मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में सफल है कौन किंग मेकर बनकर उभरेगा सब कुछ मतपेटी खुलने के बाद दृश्य साफ हो जाएगा। आखिरकार जो जीता वही सिकेन्द्र कहलायेगा।


## गिरिडीह प्रखंड अन्तर्गत 30पंचायतों की मतगणना की समय सारणी जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह अनुमंडल अन्तर्गत गिरिडीह प्रखंड के 30पंचायतों में संपन्न हुई त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022के निमित प्रथम चरण के मतों की गणना 17मई की सुबह 08बजे से कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर, पचम्बा (गिरिडीह) स्थित निर्धारीत मतगणना ह०ल में प्रारंभ होना है। मतों की गणना हेतु समय सारणी निम्नवात निर्धारीत किया गया हैरू 17/05/2022को मतदान केंद्र संख्या 01से 82तक में आनेवाले पंचायतों क्रमशः पहाड़पुर, सिंदवारिया, लेदा, बजटो, अलगुंदा, सिकदारडीह और जीतपुर।18/05/2022को मतदान केंद्र संख्या 83से 183तक में आनेवाले पंचायतों क्रमशः बदगुंदा खुर्द, बेरदोगा, पालमो,, बरहमोरिया, करहरबारी, तेलोडीह, खावा और पि. डाटांड़। 19/05/2022को मतदान केंद्र संख्या 184से 291तक में आनेवाले पंचायतों क्रमशः सिकदारडीह, परसाटांड़, महेशलुंडी, अकदोनी कला, मटरूखा, पुराणानगर, चुंजका और अकदोनी खुर्द। 20/05/2022को मतदान केंद्र संख्या 292से385 तक में आनेवाले पंचायतों क्रमशः मंगरोडीह, पतरोडीह, उदनाबाद, मोहनपुर, गादीश्रीरामपुर, जसपुर और फुलची।



# प्रथम चरण चुनाव के मतगणना हेतु उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के मद्देनजर गिरिडीह जिला अंतर्गत प्रथम चरण (जमुआ, गिरिडीह एवं गांडेय) विभिन्न मतदान केंद्रों पर चुनाव संपन्न कराया जा चुका है। प्रथम चरण के मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है। जमुआ, गिरिडीह एवं गांडेय प्रखंड के लिए दिनांक 17 मई को कृषि उत्पादन बाजार समिति, पचंबा गिरिडीह में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रुप से मतगणना संपन्न कराया जाना है।प्रातः 8:00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगा। इस अवसर पर स-समय एवं शांतिपूर्ण मतगणना कार्य संपन्न कराने हेतु विभिन्न स्तरों पर दंडाधिक.ारियों एवं सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को निर्देश दिया गया है कि उक्त निर्धारित तिथि से होने वाले मतगणना कार्य के अवसर पर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल को 6:00 बजे पूर्वाहन अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त किया जाय। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी निर्वाची पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने स्तर से सभी अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधि को प्रातः 6:30 पूर्वाह्व तक संबंधित मतगणना केंद्रों में उपस्थित होने की सूचना देना सु.निश्चित करेंगे। ब्रजगृह सुबह 6:45 बजे पूर्वाह्व खोला जाएगा। सभी प्रा.रंभिक तैयारियों 8:00 बजे पूर्वाहन के पूर्व समाप्त कर ली जाए ताकि मतगणना ठीक 8:00 पूर्वाह्व प्रारंभ किया जा सके। चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतगणना के समय मतगणना परिसर/केंद्र में विधि व्यवस्था संधारण हेतु किसी भी व्यक्ति चुनाव प्रेक्षकों तथा मतगणना एवं विधि व्यवस्था में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को छोड़कर) मतगणना परिसर केंद्र में सेल्युलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस सेट आदि जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कृषि उत्पादन बाजार समिति मतगणना केंद्र में स्थापित मतगणना हॉल ब्रजगृह एवं पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदा.धिकारी तथा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि उक्त मतगणना स्थल पर एंबुलेंस सहित सभी आवश्यक दवाइयों के साथ चिकित्सक मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, पचंबा, गिरिडीह में लगातार साफ-सफाई, पेयजल पानी टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे।





